बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-483
25/12/2019

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की मूर्ति का किया लोकार्पण

पटना, 25 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नवनिर्मित पाटलिपुत्रा पार्क का उद्घाटन करने के पश्चात् उसी पार्क में नव स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर भवन निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को प्रतीक चिन्ह् के रूप में स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की छोटी मूर्ति एवं पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, सांसद श्रीमती रमा देवी, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधायक श्री नितिन नवीन, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, भवन निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव श्री चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी कुमार रवि सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******